मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 202 ■ बुधवार, 30 अक्टूबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# गंगोत्री ने किया तगड़ा शक्ति प्रदर्शन

## अपक्ष लड़ेंगे चुनाव | नामांकन रैली में भारी भीड़





- राकांपा जिलाध्यक्ष पद से दिया भारत गंगोत्री ने इस्तीफा
- 35 वर्षों की मोनोपोली तोड़ने की आवश्यकता- धामी
- उल्हासनगर-4 व 5 की तर्ज पर करेंगे शहर का विकास

**उल्हासनगर.** राकांपा जिलाध्यक्ष भारत राजवानी (गंगोत्री) ने कल अपने पद से इस्तीफा देकर उल्हासनगर 141 विधानसभा क्षेत्र से अपक्ष उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से गंगोत्री ने तगड़ा शक्ति प्रदर्शन कर सभी को चौंका दिया कि इतनी बड़ी संख्या में किसी अपक्ष उम्मीदवार ने आज तक इतनी भीड़ जमा नहीं की। गंगोत्री के समर्थन में नामांकन रैली गांवदेवी मंदिर म्हारल गांव से बिर्लागेट से गोल मैदान तक निकाली गई वहां से महारैली की शुरुआत नेहरू चौक, शिवाजी चौक, सेक्शन 17 चौक से होते हुए प्रांत कार्यालय पवई चौक तक समाप्त हुई। इस रैली में हजारों की संख्या में महिला व युवाओं ने शामिल होकर अपक्ष उम्मीदवार भारत गंगोत्री के समर्थन में नारेबाजी की। इस सफल रैली के बाद गंगोत्री ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद गंगोत्री ने कहा कि चुनावी सर्वे के अनुसार कालानी-आयलानी से जनता त्रस्त हो चुकी है जिस कारण आज मैंने लोगों की मांग पर अपक्ष उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। उल्हासनगर- 4 व 5 की तर्ज पर जो 25 करोड़ रुपए के फंड से विकास कार्य हुए हैं उसी तरह से उल्हासनगर-1,2,3, म्हारल, वरप व कांबा क्षेत्र में मेरी विकास कार्य करने की इच्छा है। पैनल 17 के विकास कार्यों से जनता पूरी तरह वाकिफ हैं। रास्ते, उद्यान मुख्य रूप से विशेष फंड में कार्य किए हैं और उसी तर्ज पर शहर विकास होगा। मुझे विश्वास है कि जनता त्रस्त नेताओं से छुटकारा पाने के लिए मुझे जरूर वोट करेगी।

# 30 उम्मीदवारों ने फॉर्म भरा

## उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी घमासान

- आज नामांकन पत्रों की होगी जांच
- 3 नवंबर तक ली जा सकेगी उम्मीदवारी वापस
- आयलानी-कालानी की मुश्किल बढ़ाएंगे अपक्ष उम्मीदवार
- सभी समाज के लोगों ने दर्ज की उम्मीदवारी
- जनता की नाराजगी उम्मीदवारों में दिखी




**उल्हासनगर.** पिछले 35 वर्षों से बारी-बारी राज करने वाले कालानी-आयलानी की मुश्किल बढ़ाने कई उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं। एक दर्जन से भी ज्यादा अपक्ष उम्मीदवारों ने जनता की नाराजगी को दर्शाया है। अपक्ष उम्मीदवारों में ज्यादातर पढ़े लिखे और विभिन्न समाज का नेतृत्व करने वाले देखे जा सकते हैं। आज 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी और हो सकता है कि किसी कारणवश किसी बड़े उम्मीदवार का नाम रद्द हो जाए इसलिए उन्होंने डम्मी उम्मीदवार खड़े किए हैं। 3 नवंबर तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। उसी दिन यह साफ हो जाएगा कि कौन-कौन उम्मीदवार मैदान में डटे रहेंगे। फिलहाल इतने सारे उम्मीदवारों को देखकर मुकाबला दिलचस्प नजर आ रहा है।

■ **फॉर्म रिजेक्ट से डर से डम्मी फॉर्म भरे गए**

ज्ञात हो कि 29 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख थी जिसमें कुल 30 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं भाजपा, राकांपा व वंचित के मुख्य उम्मीदवारों ने फॉर्म रिजेक्ट के डर से डम्मी फार्म जमा कराए हैं। जिसमें भाजपा से कुमार आयलानी ने अपनी पत्नी मीना आयलानी व बहु आरजू आयलानी का फार्म दाखिल किया है वहीं राकांपा से ओमी कालानी ने अपनी पत्नी पंचम कालानी व मनोज सयानी के नामांकन पत्र दाखिल कराया है। वंचित आघाड़ी से भी संजय गुप्ता ने अपनी पत्नी रीना गुप्ता का फार्म दाखिल कराया है। इन तीनों उम्मीदवारों को डर है कि कहीं किसी कारणवश अगर उम्मीदवारी रद्द हो गई तो उनकी पत्नी मैदान में उतर सकती है।

वहीं उनके डर का कारण राकांपा नेता भारत गंगोत्री भी बताए गए हैं क्योंकि उन्होंने फार्म दाखिल करने के दौरान जो तगड़ा शक्ति प्रदर्शन कर अपनी पहली पारी में ही यह दिखा दिया है कि वो उन्हें कड़ी टक्कर देंगे। चुनाव प्रचार की शुरुआत तो हो चुकी है लेकिन दीवाली के बाद जोरदार प्रचार देखने को मिलेगा।

# अंबरनाथ विधानसभा से 26 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

## कांग्रेस एवं शिवसेना उबाठा के बागी ने भी फार्म भरा

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ निर्वाचन क्षेत्र से 22 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक कुल 26 उम्मीदवारों ने नामनिर्देशन पत्र दाखिल किए हैं. विदित हो कि 29 अक्टूबर नामांकन फार्म दाखिल करने की आखिरी तारीख थी. कुल 86 फार्म उम्मीवार ले गए हैं. ऐसी जानकारी चुनाव निर्णय अधिकारी प्रशांत जोशी ने दी है. मंगलवार को आखिरी दिन शिवसेना शिंदे गट से डॉ. बालाजी किणीकर, कांग्रेस के बागी सुमेध भवार ने अपक्ष, शिवसेना उबाठा से उम्मीदवारी ना मिलने से नाराज डॉ. जानू मानकर ने अपना नामांकन दाखिल किया. पत्रकार सुनिल अहिरे ने अपक्ष एवं राजेश वानखेडे नामक उम्मीदवार ने अपक्ष नामांकन दाखिल किया है. वंचित बहुजन आघाड़ी से सुधीर बागुल, बीएसपी से किरण भालेराव ने एवं उल्हासनगर के राजेश असरोड ने भी अपक्ष नामांकन दाखिल किया है. शिवसेना उबाठा के राजेश वानखेडे ने दो नामांकन तो शिवसेना के डॉ. बालाजी किणीकर ने 2-2 नामांकन चुनाव अधिकारी प्रशांत जोशी को पेश किया है. पीपल्प पार्टी ऑफ इंडिया से संतोष थोरात और राष्ट्रीय समाज पक्ष से रूपेश थोरात ने अपना नामांकन दाखिल किया है. कांग्रेस से बागी उम्मीदवार सुमेध भवार ने कहा कि अंबरनाथ विधानसभा की उम्मीदवारी महाविकास आघाड़ी ने कांग्रेस पक्ष को देना चाहिए था. नहीं मिलने पर उन्होंने अपक्ष अपना फार्म भरा है. बुधवार को नामांकन की छंटनी के बाद ज्ञात होगा कि कितने उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं.

# 'मेरी जीत निश्चित है, चौथी बार विधायक बनूंगा'

- नामांकन भरने के बाद बालाजी किणीकर ने किया दावा
- हजारों की भीड़ के साथ किया शक्ति प्रदर्शन



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा क्षेत्र से महायुति, शिवसेना शिंदे के उम्मीदवार डॉ. बालाजी किणीकर ने मंगलवार को प्रचंड शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपना नामांकन दाखिल किया. उनके साथ सहयोगी दल भाजपा-राकांपा (अप) के नेता भी उपस्थित थे. डॉ. किणीकर ने दो नामांकन दाखिल किए हैं. नामांकन दाखिल करते समय उनके साथ शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर, राजेंद्र चौधरी, वामन म्हात्रे और सांसद शिंदे के निजी सचिव अभिजीत दरेकर, भाजपा के गुलाब करंजुले, गोपाल लांडगे आदि उपस्थित थे. शहर पूर्व में हुतात्मा चौक से हजारों की संख्या में नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ ढोल-ताशे के साथ रैली निकालकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से होते हुए शहर पश्चिम स्टेशन रोड से होकर तहसील कार्यालय में उन्होंने नामांकन दाखिल किया. किणीकर के साथ कार्यकर्ता इतने ज्यादा थे कि तहसील कार्यालय के मुख्य द्वार पर कार्यकर्ता और पुलिस के बीच खींचातानी हो गई. नामांकन दाखिल करने के बाद किणीकर ने पत्रकारों के कहा कि वह चौथी बार भी भारी वोटों से जीत प्राप्त करेंगे. किणीकर ने अंबरनाथ और उल्हासनगर में गत 15 वर्षों में जो विकास कार्य किए हैं, वह अहवाल पेश किया. उन पर विरोधियों द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद हैं, ऐसा उन्होंने कहा. गुलाब करंजुले और लांडगे ने कहा कि हम एकजुट हैं. चौथी बार किणीकर विजयी होंगे. शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के साथ मनिषा वालेकर और उनके समर्थक नामांकन दाखिल करते समय उपस्थित थे.

## ठाणे की कोर्ट ने परिवार को दिया 12 लाख का मुआवजा

**ठाणे.** पालघर जिले के रहने वाले रेहान बशीर भूरे ट्रक में क्लीनर का काम करते थे. रेहान की एक सड़क हादसे में मौत हो गई, जिसके बाद उनके घर वालों ने ठाणे की मोटर एक्सीडेंट ट्रिब्यूनल में केस दायर करते हुए दावा किया कि वाहन लापरवाही से चलाया गया था, जिसकी वजह से उनकी मौत हुई. इस मामले में कोर्ट ने क्लीनर के परिवार को 12.40 लाख रुपये का मुआवजा दिया.

यह हादसा 2015 में हुआ था, जिसमें क्लीनर की मौत हो गई थी. वाहन मालिक ने क्लीनर के परिवार को कोई मुआवजा नहीं दिया, जिसके बाद उन्होंने ठाणे की मोटर एक्सीडेंट क्लैम ट्रिब्यूनल में दावा किया. कोर्ट ने इस हादसे में मारे गए क्लीनर के परिवार को 12.40 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया. ठाणे MACT के अध्यक्ष एसबी अग्रवाल ने दोषी वाहन के मालिक को याचिका की तारीख से उसके भुगतान तक 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ मुआवजा देने का निर्देश दिया.

# फर्जी यूनिवर्सिटी के रैकेट का भंडाफोड़

**कल्याण.** राष्ट्रवादी विद्यार्थी कांग्रेस (शप) की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मर्जिया शानू पठान ने ठाणे शहर से शिक्षा के नाम पर चल चल रहे फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया है. ठाणे स्थित सीईडीपी स्किल्ड इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों को गुमराह का झारखंड, असम, सिक्किम की यूनिवर्सिटी का फिजियोथेरेपी सर्टिफिकेट दे रहा था. दो कमरों में चलाने वाला इनस्टिटयूट जिन विश्वविद्यालय की डिग्री देने का दावा कर रहा था. उसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त नहीं है. मर्जिया शानू पठान ने शिकायत दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही धोखाधड़ी के शिकार विद्यार्थियों को मुआवजा दिलाने की भी मांग की है. मर्जिया पठान को शिकायत मिली थी कि मुंबई, ठाणे, कल्याण सहित अन्य इलाकों के बहुत से छात्रों के साथ धोखाधड़ी हुई है.इस संदर्भ में शिकायतें भी दर्ज करायी गयी हैं. मर्जिया पठान को जानकारी मिली कि राम मारुति रोड स्थित सीईडीपी स्किल्ड इंस्टीट्यूट में फर्जीवाड़ा चल रहा है. मर्जिया सहयोगियों के साथ संस्था में पहुंची और फर्जीवाड़े को उजागर किया.उन्होंने बताया कि सीईडीपी स्किल्ड इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों को केवल धोखा दे रहा है. फर्जी दस्तावेज बनाकर 10वीं और 12वीं फेल छात्रों को दाखिला दिया जा रहा है. उन्हें बताया जा रहा था कि सभी को महाराष्ट्र की एक यूनिवर्सिटी से डिग्री सर्टिफिकेट दिया जाएगा. खास तौर पर इन बच्चों को शिक्षा शुल्क लेकर झारखंड, असम, सिक्किम जैसी जगहों पर दाखिला दिलाया जाता था .

# परिमंडल-4 : एक सप्ताह में चौथी हत्या

- अब कैम्प-3, सी ब्लॉक में हुई हत्या
- अज्ञात हत्यारे फरार
- पुलिस उपायुक्त परिमंडल में फिर बिगड़ी कानून व्यवस्था
- हत्या के कारणों का पता नहीं है



**उल्हासनगर.** एक सप्ताह के भीतर उल्हासनगर पुलिस उपायुक्त परिमंडल 4 में कल चौथी हत्या को अंजाम दिया गया है। उल्हासनगर 3 स्थित सी ब्लॉक में भीमा बीयर शॉप के पास हत्या हुई है. कल देर रात 4 से 5 में युवकों ने अजय चौहान नामक व्यक्ति की धारदार चाकू से वार कर हत्या कर दी हैं। उल्हासनगर 3 के सी ब्लॉक सेंचुरी मैदान इलाके में रहने वाले 40 वर्षीय अजय चौहान की भीमा बीयर शॉप के पास 4 से 5 अज्ञात युवकों ने सीने, सिर और पीठ पर तलवार से वार कर हत्या कर दी मौके पर अजय को बचाने आया उसका बड़ा भाई भी घायल हो गया। यह घटना सोमवार रात करीब 11 से 11.30 बजे की है. उधर, इस हत्या का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। सेंट्रल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस इस बात की और जांच कर रही है कि हत्यारा कौन था और हत्या का मकसद क्या था. चुनाव के दौरान और रही हत्या जैसी घटनाएं कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहा है।

## महिला से 94 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**ठाणे.** पुलिस ने तीन लोगों और एक फाइनेंस कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन लोगों ने नवी मुंबई में अपनी फर्म के उपकरणों को धोखाधड़ी से गिरवी रखकर 94 लाख रुपये का लोन लेकर 40 वर्षीय महिला से धोखाधड़ी की है। आरोपियों ने महिला व्यवसायी को बताया कि उसकी निजी कंपनी को अमरावती की एक फर्म से टेंडर मिलना है और इसके लिए लोन लेना जरूरी है। वाशी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता की कंपनी की मशीनरी गिरवी रखकर 94,86,728 रुपये का लोन लिया और उसे हड़प लिया।

# युवती ने ठुकराया प्रेम प्रस्ताव तो कर दी हत्या

■ **बचाने आई बहन को भी किया घायल**

**भिवंडी.** भिवंडी में एक व्यक्ति ने एक 23 वर्षीय युवती की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और उसकी बहन को घायल कर दिया. इस बात की जानकारी पुलिस ने मंगलवार को एक न्यूज एजेंसी को दी. एक अधिकारी ने बताया कि यह हमला सोमवार सुबह भिवंडी के भदवाड़ गांव में युवती के घर में हुआ. महिला आरोपी राजू महेंद्र सिंह (24) से परिचित थी. शांति नगर थाने के इंस्पेक्टर अतुल अदुरकर ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश के एक ही गांव के रहने वाले थे और पड़ोसी थे. उन्होंने बताया कि पीड़िता ने आरोपी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था और वह इस अस्वीकृति से नाराज था. अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुबह करीब 11.15 बजे युवती के घर में घुसा और रसोई के चाकू से उस पर तब तक वार करता रहा जब तक कि वह बेहोश नहीं हो गई. इस दौरान युवती की बहन उसे बचाने आई तो आरोपी ने युवती की बहन पर भी हमला किया. जिससे वह भी घायल हो गई. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया. अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया.

# पुलिस आयुक्तालय में शुरू हुआ साइबर पुलिस स्टेशन

**ठाणे.** पिछले कुछ सालों से ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में साइबर अपराधों में भारी वृद्धि हुई है. धोखाधड़ी के शिकार नागरिकों शिकायत कराने में भी मुश्किल हो रही थी. शिकायतकर्ताओं को पुलिस स्टेशन से लेकर पुलिस आयुक्तालय तक का चक्कर लगाना पड़ रहा था. ठाणे पुलिस आयुक्तालय में सायबर पुलिस स्टेशन की मांग की जा रही थी. जो अब पूरी हो गयी है. आख़िरकार पुलिस स्टेशन बन गया. मंगलवार को पुलिस आयुक्त आयुक्त आशुतोष डुंबरे की मौजूदगी में नया सायबर पुलिस स्टेशन कार्यान्वित हो गया. इससे सायबर अपराध के लंबित मामलों में कमी आने की बात कही गयी है. सायबर पुलिस स्टेशन ठाणे पुलिस आयुक्तालय के पास बनाया गया है. अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त पुलिस स्टेशन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है. पिछले कुछ वर्षों में ठाणे जिले में शहरीकरण में भारी वृद्धि हुई है. इसी तरह अपराध के मामले भी बढ़े हैं. ठाणे में आए दिन साइबर क्राइम हो रहे हैं. शेयर बाजार के नाम पर धोखाधड़ी, मोबाइल फोन पर लिंक भेजकर बैंक खाता खाली करना, ऑनलाइन 'टास्क' देकर वित्तीय धोखाधड़ी के मामले सबसे ज्यादा बढ़ रहे हैं. धोखाधड़ी के शिकार लोगों में आईटी क्षेत्र से जुड़े युवाओं का अनुपात भी अधिक है. ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में अब तक साइबर अपराध की शिकायतों के लिए कोई अलग पुलिस स्टेशन नहीं था. ठाणे पुलिस मुख्यालय की चौथी मंजिल पर एक साइबर रूम था लेकिन यहां कोई अपराध दर्ज नहीं होता था.

## उल्हासनगर 141 विधानसभा क्षेत्र से दाखिल उम्मीदवार

| | |
|---|---|
| 1) कुमार आयलानी | (भाजपा) |
| 2) भारत राजवानी (गंगोत्री) | (अपक्ष) |
| 3) ओमी कालानी | (राकांपा) |
| 4) पंचम कालानी | (राकांपा) |
| 5) संजय गुप्ता | (वंचित) |
| 6) रीना गुप्ता | (वंचित) |
| 7) भगवान भालेराव | (मनसे) |
| 8) मीना आयलानी | (भाजपा) |
| 9) अब्दुल शेख | (बसपा) |
| 10) एड. राज चांडवानी | (अपक्ष) |
| 11) एड. राजकुमार सोनी | (अपक्ष) |
| 12) प्रमोद पालकर | (अपक्ष) |
| 13) मनोज सयानी | (नागरिक विकास) |
| 14) हितेश जेसवानी | (अपक्ष) |
| 15) इब्राहिम अंसारी | (अपक्ष) |
| 16) काजल मूलचंदानी | (अपक्ष) |
| 17) अमर जोशी | (अपक्ष) |
| 18) प्रमोदकुमार अग्रवाल | (अपक्ष) |
| 19) मोहम्मद शेख | (अपक्ष) |
| 20) अनिल जैसवाल | (अपक्ष) |
| 21) पूजा वाल्मीकि | (अपक्ष) |
| 22) अनिल तोतानी | (अपक्ष) |
| 23) अमित उपाध्याय | (अपक्ष) |
| 24) शब्बीर खान | (पीस पार्टी) |
| 25) शहाआलम शेख | (अपक्ष) |
| 26) आरजू धीरज आयलानी | (अपक्ष) |
| 27) सुरेंद्र पाल गौहर | (राष्ट्रीय अंत्योदय कांग्रेस) |
| 28) हेमंत वलेचा | (अपक्ष) |
| 29) पवन इगराणी | (अपक्ष) |
| 30) श्रध्दानंद कुकरेजा | (अपक्ष) |

# ठाणे जेल के 12 कैदी करेंगे मताधिकार का प्रयोग

■ **मतदान की प्रक्रिया पोस्टल बैलेट पेपर से होगी**




**ठाणे.** राज्य में 15वीं विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा. राज्य निर्वाचन आयोग प्रत्येक जागरूक नागरिक से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील कर रहा है। लेकिन ये कुछ ऐसे शख्स हैं. जिन्हें अपने किसी गलत कार्य के कारण वोट देने के अधिकार से वंचित होना पड़ता है। ये लोग जेलों में बंद कैदी हैं. जिन्हें जेल की सजा हो चुकी है या जिनके मामले कोर्ट में लंबित हैं. कोई भी कैदी कानूनी तौर पर वोट देने का हकदार नहीं है। चुनाव आयोग केवल उन कैदियों को मतदान की सुविधा प्रदान करता है जो प्रतिबंधात्मक हिरासत में हैं। इसके मुताबिक, 20 नवंबर को ठाणे सेंट्रल जेल के 12 कैदी बंद हैं. मतदान के लिए पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया पूरी की जाएगी.

भारतीय संविधान में प्रतिबंधात्मक नियुक्ति प्रावधान शुरू से ही कुछ बुद्धिजीवियों की आलोचना का विषय रहा है। संविधान समिति में भी बख्शी टेकचंद और कुछ सदस्यों ने इसे लेकर आलोचना की. सर्वोच्च न्यायालय के गोपालन बनाम मद्रास राज्य मामले में सभी न्यायाधीशों ने इस प्रावधान को लोकतंत्र के साथ असंगत घोषित किया।

जिला प्रशासन ने बताया कि 12 कैदी जो वर्तमान में ठाणे जेल में निवारक हिरासत में हैं, मतदान प्रक्रिया में भाग लेंगे। इसके लिए ठाणे कलेक्टोरेट के माध्यम से इस प्रक्रिया को अमल में लाया जाएगा. ये कैदी डाक मतदान प्रक्रिया के माध्यम से मतपत्र के माध्यम से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करेंगे।

### 4150 कैदी हैं जेल में

वर्तमान में ठाणे सेंट्रल जेल में लगभग 4 हजार 150 कैदी हैं। इनमें से 14 बंदी कैदी हैं। लेकिन उनमें से 12 अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. मूलतः भारतीय न्यायपालिका के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति किसी अपराध के लिए गिरफ्तार या दोषी ठहराए जाने के बाद जेल में है, तो उस व्यक्ति को वोट देने का अधिकार नहीं मिलता है। हालाँकि, केवल प्रतिबंधात्मक हिरासत में बंद कैदियों को ही वोट देने का अधिकार है।

## फेयर प्ले सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म से जुड़े 8 ठिकानो पर छापेमारी

**मुंबई.** फेयर प्ले सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म मामले की जांच ईडी कर रही है. इस मामले में ईडी पहले भी 3 बार छापामारी कर चुकी है. 25 अक्टूबर को ईडी ने मुंबई और गुजरात के कच्छ में एक साथ 8 ठिकानों पर छापामारी की है.फेयर प्ले सट्टेबाजी और अवैध प्रसारण के मामले में ईडी मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है. ईडी की 8 जगह पर की गई छापेमारी में 4 करोड़ रुपये नकद, सहित बड़ी मात्र में बैंक फंड और चांदी की छड़ें बरामद की गई है. जिसको पीएमएलए के प्रावधान के तहत जब्त किया गया है. इसके अलावा ईडी को कई समाप्ति के कागजात सहित आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये गए हैं.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
संपादकीय

## वायुसेना में युद्धक विमान

आजकल किसी देश की सामरिक शक्ति का मूल्यांकन इस आधार पर किया जाता है कि उसकी वायुसेना के बेडे.में कितने अत्याधुनिक युद्धक विमान हैं, कितनी दूर तक मिसाइलें दागने और दुश्मन की मिसाइलों को भेदने की उसकी क्षमता है। युद्ध क्षेत्र में वह कितनी तेजी से अपने सैनिकों की तैनाती कर सकता है, हथियारों और गोला-बारूद की पहुंच सुनिश्चित कर सकता है। इस मामले में भारतीय वायुसेना की सामर्थ्य लगातार बढ़ रही है। सी-295 विमानों को अपने ही देश में तैयार करने की सरकार की तैयारी इसका अगला चरण है।

वायुसेना को लंबे समय से शिकायत रही है कि उसके बेड़े में युद्धक और मालवाहक विमान पुराने पड़ चुके हैं, जिसके चलते वह अपने दुश्मन को ठीक से चुनौती दे पाने में सक्षम नहीं है। इसी के मद्देनजर रफाल विमानों की खरीद की गई थी। स्वदेशी तकनीक से हथियारों के निर्माण पर बल दिया गया। अब छप्पन सी-295 विमानों के निर्माण से वायुसेना को आयुध सामग्री पहुंचाने, सैनिकों और चिकित्सा सुविधाओं की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने में काफी मदद मिलेगी।

पहली बार है, जब कोई निजी कंपनी भारत में वायुसेना के लिए विमान का निर्माण करेगी। स्पेन की कंपनी एअरबस के साथ टाटा ने समझौता कर इन विमानों के निर्माण की दिशा में कदम आगे बढ़ाया है। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने इसकी निर्माण इकाई का उद्घाटन भी कर दिया है। इस विमान की खासियत यह है कि इसे उतरने और उड़ान भरने के लिए बहुत छोटी हवाई पट्टी की जरूरत होगी। यानी दुर्गम पहाड़ी जगहों पर भी इसे उतारा जा सकता है।

यह तिहत्तर सैनिकों या फिर नौ टन वजन की सामग्री लेकर उड़ान भर सकता है। इसमें आठ सौ किलोग्राम वजन के हथियार भी लगाए जा सकते हैं। यह लगातार ग्यारह घंटे तक उड़ान भर सकता है और इसमें हवा में ईंधन भरा जा सकता है। इस श्रृंखला के सोलह विमान स्पेन में तैयार होंगे और बाकी चालीस गुजरात के वडोदरा में बनाए जाएंगे।

स्वाभाविक ही इन विमानों के वायुसेना के बेड़े में शामिल होने से सेना का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि पड़ोसी देशों से मिलने वाली चुनौतियों से निपटने में भी काफी आसानी होगी।

# विनिर्माण बढ़ाएंगे औद्योगिक शहर, 28602 करोड़ का निवेश

मोदी सरकार ने 12 नए औद्योगिक शहर विकसित करने की जो घोषणा की थी, उसके अमल की दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिए गए हैं। 12 नए औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआइसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इन औद्योगिक शहरों को 10 राज्यों में फैले 6 प्रमुख औद्योगिक गलियारों के किनारे विकसित किया जाएगा। ये औद्योगिक क्षेत्र हैं उत्तराखंड में खुरपिया, पंजाब में राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड़, उत्तर प्रदेश में आगरा और प्रयागराज, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र में ओरवाकल तथा कोप्पर्थी और राजस्थान में जोधपुर-पाली। इन औद्योगिक शहरों से न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को गति भी मिलेगी। इससे भारत वैश्विक स्तर पर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को मजबूत कर सकेगा। इन औद्योगिक शहरों को वैश्विक मानकों के ग्रीन फील्ड स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा। इनमें पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप मल्टीमाडल कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा विकसित होगा, जो लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करेगा।


इन औद्योगिक शहरों को पूरे क्षेत्र के परिवर्तन के लिए विकास केंद्र बनाने की परिकल्पना की गई है। इन औद्योगिक शहरों में 10



लाख प्रत्यक्ष और 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसमें पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए आईसीटी-सक्षम उपयोगिताओं और हरित प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है। इनके जरिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य है। राज्यों का योगदान जमीन के रूप में होगा और केंद्र सरकार इक्विटी या डेट उपलब्ध कराएगी। कुछ औद्योगिक टाउनशिप अन्य देशों के साथ मिलकर विकसित की जाएंगी। इन औद्योगिक पार्कों में वह जमीन शामिल होगी, जो सरकार द्वारा पहले ही अधिग्रहित है और जिसके लिए पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है। दूसरे, एकल खिड़की मंजूरी के लिए स्पेशल परपज व्हीकल बनाने का प्रस्ताव भी है। तीसरे, पार्कों को समर्पित माल ढुलाई गलियारे से लगे क्षेत्रों से जोड़ा जाएगा, जिससे लाजिस्टिक लागत में कमी आएगी। इनमें से पांच अमृतसर-कोलकाता मार्ग पर, दो दिल्ली–मुंबई मार्ग पर और पांच दक्षिणी एवं मध्य मार्गों पर स्थित हैं। उल्लेखनीय है कि पहले से ही आठ औद्योगिक स्मार्ट शहर विभिन्न विकासात्मक चरणों में हैं। इनमें से चार शहर धोलेरा (गुजरात), आरिक (महाराष्ट्र), विक्रम उद्योगपुरी (मध्य प्रदेश) और कृष्णपट्टनम (आंध्र प्रदेश) में ट्रंक आधारभूत ढांचा तैयार हो चुका है और उद्योगों के लिए भूमि आवंटन का काम चल रहा है। अन्य चार शहरों में सरकार की स्पेशल परपज यूनिट सड़क, पानी, बिजली आपूर्ति जैसे बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है। इस प्रकार नई घोषणा के साथ देश में कुल 20 औद्योगिक स्मार्ट शहर हो जाएंगे।

घरेलू विनिर्माण में मुख्य बाधा ऊंची उत्पादन लागत है, जिससे हमारे उत्पाद ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा नहीं बन पाते। स्पष्ट है विनिर्माण को तभी बढ़ावा मिलेगा, जब प्रक्रियागत सुधार और कारोबारी सुगमता को बेहतर बनाया जाए। यहां सबसे बड़ी समस्या राज्यों की ओर से आती है। भूमि राज्य का विषय है और कई राज्यों में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया बहुत जटिल है और श्रम कानून भी कड़े हैं। इससे निवेश और औद्योगिक विकास प्रभावित होता है। अतः केंद्र के साथ-साथ राज्यों को भी रेगुलेटरी फ्रेमवर्क सरल बनाने और निवेश के अनुकूल नीतियां बनानी होंगी। सकारात्मक नीतियां बनें तो अच्छे परिणाम आने में देर नहीं लगती। इसका ज्वलंत उदाहरण है मेक इन इंडिया पहल।

2014 में निवेश और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई मेक इन इंडिया पहल के सकारात्मक परिणाम आने लगे हैं। इससे मोबाइल से लेकर मिसाइल तक भारत आत्मनिर्भर बना और इन क्षेत्रों में देश का निर्यात तेजी से बढ़ा। उदाहरण के लिए जहां 2014 में मात्र दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं, वहीं आज इनकी संख्या 200 से अधिक हो गई है।




हमारी प्रत्येक साँस अनमोल है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रुहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# डिजिटल अरेस्ट की चुनौतियां

आधुनिक तकनीकी सुविधाओं के विस्तार के साथ इससे जुड़े जटिल खतरे अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बनने लगे हैं। ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें किसी व्यक्ति को वीडियो काल करके उसे बातों के जाल में फंसाया गया, उसके या उसके बच्चों के किसी अपराध में शामिल होने की बात करके डराया गया, घर के एक कमरे में बंद रहने और फिर एक बड़ी रकम भेजने पर मजबूर किया गया। इसे आजकल 'डिजिटल अरेस्ट' कहा जा रहा है।

इस संजाल में लोगों के फंसने के कई मामले सामने आ चुके हैं। आम जिंदगी में तकनीक के लगातार बढ़ते दखल और उस पर निर्भरता के समांतर निश्चित तौर पर यह व्यापक चिंता का विषय है और इसके बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलाने से लेकर इससे निपटने के लिए ठोस उपाय निकालने की जरूरत है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात कार्यक्रम में इंटरनेट के सहारे 'डिजिटल अरेस्ट' या अन्य तरीकों से चल रही ठगी को लेकर आम जनता को यह संदेश दिया कि वे इस संजाल में न फंसें।

यह जगजाहिर तथ्य है कि अक्सर लोगों के पास इस तरह के फोन आते रहते हैं, जिनमें पुलिस अधिकारी के वेश में कोई व्यक्ति वीडियो काल करके खुद को किसी महकमे या संस्थान का अधिकारी बता कर किसी से जुर्माना या फिर पैसा चुकाने को कहता है। फोन पर ऐसे आधार या संदर्भ बताए जाते हैं कि कई लोग डर कर बातों के जाल में फंस जाते हैं और मांगी गई रकम बैंक खाते के जरिए भेज देते हैं। जबकि हकीकत यह है कि कोई भी सरकारी एजंसी किसी व्यक्ति को



फोन पर वीडियो या आडियो के जरिए बात करके न तो किसी संबंध में पूछताछ करती है और न ही पैसों की मांग करती है।

मगर इस सामान्य जानकारी से अनजान कई लोग फोन पर ठगी करने वालों की बातें मान लेते हैं। बाद में जब उन्हें अपने साथ हुई ठगी का पता चलता है, तब तक उनके साथ बहुत कुछ गड़बड़ हो चुका होता है। जाहिर है, इंटरनेट के इस्तेमाल से संबंधित जागरूकता और प्रशिक्षण के अभाव या फिर साइबर अपराधों की दुनिया से अनजान लोग ऐसी ठगी में फंस कर कई बार बड़ा नुकसान उठाते हैं।

ऐसे में प्रधानमंत्री की सलाह इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि 'डिजिटल अरेस्ट' सहित साइबर ठगी के अन्य संदर्भों में उन्होंने लोगों को सावधान रहने की जो सलाह दी, उसकी पहुंच का दायरा बहुत बड़ा है। निश्चित तौर पर बहुत सारे लोगों को इससे इंटरनेट के अलग-अलग मंचों का उपयोग करते समय सतर्क रहने में मदद मिलेगी। मगर आधुनिक तकनीकी के फैलते पांव के साथ जैसे-जैसे डिजिटल माध्यमों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती जा रही है, खुद सरकार भी ज्यादातर शासकीय सेवाएं डिजिटल तंत्र के जरिए लोगों तक पहुंचाने पर जोर दे रही है, तो ऐसे में इस माध्यम के उपयोग को सबके लिए हर तरह से सुरक्षित और सहज बनाया जाना चाहिए।

यह छिपा नहीं है कि कई बार बिना किसी मजबूत आधार के, लोगों के बैंक खाते बंद या बाधित कर दिए जाते हैं या फिर किसी मामूली नुक्ते की वजह से सेवाएं रोक दी जाती हैं। अगर इंटरनेट की सुविधाओं के बरक्स साइबर अपराध की जटिलता का हल निकालने की ठोस व्यवस्था नहीं की गई, तो धीरे-धीरे लोग डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने को लेकर हिचकेंगे।

# घर में उगी लौकी हो गई चोरी, आधी रात को बुला ली पुलिस

भारत में आपको कई तरह के लोग मिल जाएंगे. यहां आए दिन ऐसी-ऐसी घटनाएं होती हैं कि उनके बारे में जानकर सब हैरान हो जाते हैं. जहां भारत में ऐसे कई क्राइम हैं, जो होकर भी अनरिपोर्टेड रह जाते हैं. वहीं कई बार लोग ऐसी-ऐसी घटनाओं के बारे में पुलिस रिपोर्ट दर्ज करवाते हैं कि खुद पुलिस भी हैरान हो जाती है. हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसा मामला शेयर किया गया, जिसने सबके साथ-साथ खुद पुलिस वाले को भी हैरान कर दिया. इसका वीडियो खुद पुलिसवाले ने बनाया था. मामला कहां का है, इसकी

**जरा हट के**

जानकारी नहीं मिल पाई. लेकिन ये वीडियो जमकर शेयर किया जा रहा है. इसमें एक शख्स ने पुलिस को लौकी की चोरी के लिए बुला लिया. जी हां, सही पढ़ा आपने. मामले में चोरी हुई थी एक लौकी.

वीडियो में एक मोहल्ले में पहुंची पुलिस को लोगों से बात



करते देखा गया. पुलिस को वहां के एक युवक ने 112 पर कॉल करके बुलाया था. जब पुलिस वहां पहुंची तो पता चलाए कि मोहल्ले में एक घर से एक लौकी की चोरी हो गई है. जिस शख्स पर चोरी का इल्जाम लगाया गया, उसी ने पुलिस को बुलाया था. युवक का कहना था कि उसने लौकी नहीं चुराई है और अब पुलिस को असली चोर को पकड़ना चाहिए.

वीडियो में युवक को असली चोर को पकड़ने की मांग करते देखा गया. उसने कहा कि उसपर गलत इल्जाम लगाया गया है. वो ये बर्दाश्त नहीं लड़ेगा. इस कारण उसने पुलिस को बुलाया है. जहां सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करने के बाद कई लोग युवक के सपोर्ट में सामने आए. उनका कहना था कि चोरी तो चोरी होती है. ऐसे में युवक को न्याय मिलना ही चाहिए.

# मुरुक्कू नमकीन

खाना-खजाना

दिवाली रोशनी, खुशियों और मिठास का त्योहार है। इस दिन दिवाली की बधाई देने के लिए घर आने वाले लोगों का मुंह मीठा करवाने का रिवाज सदियों पुराना है। लेकिन आजकल लोगों के फिटनेस फ्रीक होने या फिर हर घर में कुछ मीठा चखने की वजह से कई बार लोग मीठे खाने से बचने लगते हैं। अगर इस दिवाली आपके घर पर भी ऐसा कोई मेहमान आ जाए जो मीठा खाने की जगह कुछ नमकीन टेस्ट करना चाहता हो तो उसे लिए मास्टर शेफ पंकज की ये दिवाली स्नैक्स रेसिपी मुरुक्कू नमकीन बनाएं। मुरुक्कू नमकीन की ये रेसिपी ना सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी है बल्कि बनाने में भी उतनी ही आसान है। आइए जान लेते हैं कैसे बनाई जाती है क्रिस्पी और टेस्टी मुरुक्कू नमकीन।

**सामग्री**

- 1 कप चावल का आटा
- 1 चम्मच नमक
- पानी आवश्यकतानुसार
- के लिए तेल



- 1 बड़ा चम्मच भुनी हुई चना दाल का आटा
- 2 बड़े चम्मच बेसन
- 2 बड़े चम्मच नमकीन मक्खन

**बनाने का तरीका**

मुरुक्कू नमकीन बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में मक्खन और नमक डालकर अच्छी तरह दोनों चीजों को मिला लें। इसके बाद बाउल में बाकी बची हुई सभी सामग्री डालकर अच्छी तरह मिलाएं। आप इससे आपको हल्का सख्त आटा गूंथना है। आटा लगाने के बाद सेव बनाने वाली मशीन में स्टार नोजल लगा लें। अब आटे को सेव मशीन में भरकर हल्की आंच पर गर्म तेल के ऊपर मुरुक्कू की छड़ें चाकू की मदद से काटते हुए डालें। मुरुक्कू को सुनहरा और कुरकुरा होने तक फ्राई करें। आपके टेस्टी और कुरकुरे मुरुक्कू बनकर तैयार हैं। आप चाहे तो इन्हें ठंडा करके किसी एयर टाइट डिब्बे में स्टोर करके भी रख सकते हैं।

# क्यों मनाया जाता है दिवाली का त्योहार?

दिवाली का पर्व कार्तिक मास के अमावस्या तिथि को मनाया जाता है. इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की उपासना की जाती है. कहते हैं कि इस दिन भगवान राम लंका पर विजय प्राप्त करके अयोध्या वापिस लौटे थे, जिसकी खुशी में सभी नगरवासियों ने दीपक जलाए थे. दिवाली के दिन लोग अपने घरों को दीए, रंगोली आदि चीजों से सजाते हैं. लेकिन, क्या आपने ये कभी सोचा है कि आखिर दिवाली क्यों मनाई जाती है या इस पर्व की शुरुआत कब से हुई थी. दरअसल, दिवाली मनाने के पीछे बहुत सारी पौराणिक कथाएं हैं जो बेहद महत्वपूर्ण हैं. तो आइए जानते हैं उन कथाओं के बारे में.

**श्री राम 14 साल के वनवास के बाद लौटे थे**

रामायण के मुताबिक, भगवान श्रीराम जब लंकापति रावण का वध करके माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या वापस लौटे तो उस दिन पूरी अयोध्या नगरी दीपों से सजी हुई थी. कहते हैं कि भगवान राम के 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या आगमन पर दिवाली मनाई जाती है. हर नगर हर गांव में दीपक जलाए गए थे. तब से दिवाली का यह पर्व अंधकार पर विजय का पर्व बन गया.

**श्रीकृष्ण के हाथों नरकासुर का वध**

भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी पत्नी सत्यभामा की मदद से असुर राजा नरकासुर का वध किया था. नरका सुर को स्त्री के हाथों से वध का श्राप मिला था. उस दिन कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी



तिथि थी. नरका सुर के आतंक और अत्याचार से मुक्ति मिलने की खुशी में लोगों ने दीपोत्सव मनाया था. इसके अगले दिन दिवाली मनाई गई.

**पांडवों की घर वापसी**

दिवाली को लेकर एक कथा पांडवों के घर लौटने को लेकर भी है. याद दिला दें कि पांडवों को भी वनवास छोड़ना पड़ा था, जिसके बाद पांडव घर लौटे और इसी खुशी में पूरी नगरी को जगमग किया गया और तभी से दिवाली की शुरूआत हुई.

**मां लक्ष्मी का अवतार**

दिवाली से संबंधित एक कथा और जुड़ी है कि समुद्र मंथन के दौरान माता लक्ष्मी जी ने सृष्टि में अवतार लिया था. यह भी मुख्य कारणों में से एक है. माता लक्ष्मी को धन और समृद्धि की देवी माना जाता है. इसीलिए हर घर में दीप जलने के साथ-साथ हम माता लक्ष्मी जी की पूजा भी करते हैं. यह भी दीपावली मनाने का एक मुख्य कारण है.

**अंतिम हिंदू सम्राट की जीत**

अंतिम हिंदू सम्राट राजा विक्रमादित्य की कहानी भी दिवाली के साथ जुड़ी हुई है. राजा विक्रमादित्य प्राचीन भारत के एक महान सम्राट थे. वे एक बहुत ही आदर्श राजा थे और उन्हें उनके उदारता, साहस तथा विद्वानों के संरक्षणों के कारण हमेशा जाना जाता है. इसी कार्तिक अमावस्या को उनका राज्याभिषेक हुआ था. राजा विक्रमादित्य मुगलों को धूल चटाने वाले भारत के अंतिम हिंदू सम्राट थे.

## आज का राशिफल

**मेष :** दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन–पाठन में मन लगेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी।

**वृषभ :** प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें।

**मिथुन :** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। शत्रु नतमस्तक होंगे।

**कर्क :** शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन–देन में सावधानी रखें।

**सिंह :** आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**कन्या :** घर–बाहर सहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों समय पर संपन्न होंगे। आय में वृद्धि हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार–व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम–प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृश्चिक :** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें। नई आर्थिक नीति बनेगी।

**धनु :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा–पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें।

**मकर :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्लेश संभव है। वाहन के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में बाधा आ सकती है।

**कुंभ :** व्यवसाय ठीक चलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**मीन :** भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# पौधों और गमलों में पड़ गए हैं कीड़े और चीटियां?

**इस्तेमाल करें ये 5 अचूक घरेलू नुस्खे**

अगर आप किचन गार्डन में लगे पौधों में लगे कीड़ों से परेशान हैं तो आप देसी उपाय कर इस समस्या से निजात पा सकते हैं. गृह विज्ञान की एक्सपर्ट डॉ विद्या गुप्ता ने बताया कि बहुत से छोटे-छोटे कीड़े पौधों और गमलों में लग जाते हैं, जो पौधों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं. ऐसे में अगर आप यह पांच नुस्खे अपना लें तो कीड़ों की समस्या से निजात मिल जाएगी.

मिट्टी में नमी की वजह से कई बार गमले या पौधों में छोटे आकार के रेंगने वाले कीड़े छोटी चीटियां लग जाती हैं, जो पौधों को पूरी तरह से नष्ट कर सकते हैं. अगर आपके गार्डन में भी ऐसे कीड़े यां चीटियां मौजूद हैं तो इसमें अंडे के छिलके का चूरा डालें. इसके लिए आप अंडे के छिलकों को अच्छी तरह से साफ करके उसका चूरा तैयार करें और मिट्टी में मिला दें. इससे गार्डन के रेंगने वाले कीड़े दूर रहते हैं.

किचन गार्डन में लगे पौधों में या मिट्टी में कीड़े या चीटियां लग जाएं तब हल्दी का पाउडर मिट्टी में मिला दें तो कीड़ों को दूर रखा जा सकता है. हल्दी पाउडर कीटनाशक की तरह काम करती है. 10 किलो मिट्टी में 20 ग्राम हल्दी मिलाएं. फिर उस मिट्टी को सारे पौधों की जड़ों के पास मिला दें. पौधों की पत्तियों और जड़ों में हल्दी



पानी का छिड़काव भी कीटनाशक की तरह काम करता है.

अगर आपके गार्डन के पौधों और फूलों पर सफेद कीड़े लग रहे हैं, जो मोम की तरह नजर आते हैं, इन कीड़ों को मिली बग कहा जाता है. इनसे छुटकारा पाने के लिए एक लीटर पानी में एक चुटकी बेकिंग सोडा, 1 चम्मच शैम्पू और 2 से 3 बूंदें नीम के तेल की मिलाकर अपने पौधों पर छिड़के. कुछ ही दिनों में कीड़ों की समस्या दूर हो जाएगी. किसी पौधे पर एक-दो कीड़े दिखाई दें तो तुरंत इस स्प्रे का इस्तेमाल करें, कीड़े भाग जाएंगे.

पौधों और पौधों की मिट्टी को कीड़ों, चीटियों से बचाए रखने के लिए हफ्ते में एक बार इनमें नीम की पत्तियों को उबाल कर ठंडा किया हुआ पानी डालें. इसके लिए कम से कम 250 ग्राम नीम की पत्तियां 3 लीटर पानी में खौला लें और उन्हें ठंडा करके स्प्रे तैयार करें. इसका इस्तेमाल नियमित रूप से पौधों पर करने से कीटों से मुक्ति मिलती है.

पौधों की पत्तियों में पत्ती खाने वाली इल्ली या कीड़े लग जाते हैं, जो पूरे पौधे को नुकसान पहुंचाते हैं. इनसे बचाव के लिए आप पौधों में लहसुन का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आधा कप कटा या कुचला हुआ लहसुन लें और एक लीटर पानी में मिला कर 1 से 2 घंटे के लिए रख दें. इस पानी को छान कर एक स्प्रे पंप में भर कर पौधों पर स्प्रे कर दें. इसके इस्तेमाल से बहुत जल्द ही कीड़ों से पौधों को मुक्ति मिल जाएगी.

# घर पर बनाएं बाजार जैसी रूई की बाती



दिवाली के त्योहार पर घर को सजाने के लिए कई दियों की जरूरत पड़ती है. इसके लिए हम बाजार से बाती ले आते हैं, लेकिन ये अच्छी क्वालिटी के नहीं होते. ये अधिक देर तक जलते नहीं और पूरा जले बिना ही बुझ भी जाते हैं. लेकिन अगर आप घर पर खुद बाती बनाएं और इसे जलाएं तो कई घंटों तक दिया जलता रहता है. इन्हें बनाना आसान है और बनाने में अधिक समय भी नहीं लगता. तो चलिए आज हम आपको बताते हैं कि आप घर पर पड़े रूई की मदद से बेहतरीन और इंस्टेंट दीया बाती किस तरह बना सकते हैं. घर पर बनाई गई इन बत्तियों से न सिर्फ दीए घंटों तक जलेंगे, बल्कि यह तरीका किफायती भी है. आइए जानते हैं डीआईवाई दिया बाती बनाने का तरीका.

**इंस्टेंट बाती बनाने का तरीका...**

- इसे बनाने के लिए आपको झाड़ू की सींक और एक लकड़ी की पटरी चाहिए. आप कॉटन की रूई को खुरदुरी लकड़ी पर रखें और इस पर सींक रखकर रगड़ें. लंबी बाती बनकर तैयार है. इस तरह आप कई बाती बना लेंगे.
- अगर आपके पास लकड़ी की पटरी नहीं है तो आप हथेली की मदद से भी बाती बना सकते हैं. इसके लिए रूई को लंबा आकार दें और दोनों हथेली के बीच हल्का सा तेल लगाएं और बाती को हथेली से एक दिशा में मसलते जाएं. बाती बन जाएगी. इसे आप दिये में रखें और तेल डालें.
- घी की गोल बाती बनानी है तो आप एक कटोरी में घी लें और साथ में रूई रखें. अब रूई से छोटे छोटे बॉल बनाएं और एक तरफ बाती का आकार दे दें. अब इसे घी में डुबोएं और प्लेट में रखकर फ्रिजर में रख दें. जम जाए तो एक डिब्बे में रख दें. घी बाती तैयार है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### किसान की जमीन से निकला खजाना, मुगलकालीन गुल्लक में मिले चांदी के सिक्के

**सहारनपुर.** सहारनपुर में धनतेरस से एक दिन पहले ही एक किसान के खेत से खजाना निकला। दरअसल एक किसान के खेत में खुदाई का काम चल रहा था। तभी मजदूरों को एक गुल्लक मिला। तोड़ने पर अंदर से मुगलकालीन जमान के सिक्के मिले। जिस पर उर्दू में लिखा हुआ था। उधर, प्राचीन सिक्के मिलने खबर जैसे ही मिली वैसे ही पुलिस किसान के घर पहुंचकर सभी सिक्के कब्जे में ले लिए। ये मामला फतेहपुर क्षेत्र के चौबारा गांव का है। घटना सोमवार की है। थाना क्षेत्र के गांव चौबारा के रहने वाले मोबिन पुत्र महबूब ने थाने में तहरीर दी। बताया कि जब वह अपने साथी जीशान, जाकिर, महराज और सनिब खेत मे फावड़े से खुदाई कर रहे थे तभी खेत मे एक गुल्लक नुमा बर्तन मिला। बर्तन खोलने पर काफी पुराने करीब 49 चांदी के सिक्के निकले। सिक्के को जीशान जबरन अपने साथ अपने घर ले गया।

### एकतरफा प्यार का खूनी अंत, युवक ने पहले युवती को गोली मारी, फिर खुदकुशी कर ली

**आगरा.** मंगलवार सुबह एक तरफा इश्क में एक प्रेमी ने युवती को गोली मार दी। फिर बाद में खुद को भी गोली से उड़ा लिया। घायल युवती को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ये घटना कासगंज सोरों कोतवाली क्षेत्र के चंडोंस गांव का है। यहां रहने वाला 36 साल पुष्पेंद्र उर्फ बिल्लू गांव की ही 20 साल की अर्जलि से एक तरफा प्यार करता था। मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे पुष्पेंद्र अंजलि के घर पहुंच गया और तमंचे से उसे गोली मार दी। गोली से अंजलि की मां सरोज देवी भी घायल हो गईं। इसके बाद पुष्पेंद्र ने अपनी कनपटी को गोली से उड़ा लिया। युवक के इस कदम से गांव में हड़कंप मच गया।

### भूमि विवाद में चाकूबाजी, हमले में एक की मौत और दूसरा गंभीर घायल

**गोंडा.** गोंडा जिले में स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खजुरिया में मंगलवार की सुबह भूमि विवाद को लेकर एक पक्ष पर चाकू से कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमले में एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरिया के मजरे निधानपुरवा निवासी रूप नारायन अवस्थी और ब्रह्मादीन कुरील के बीच भूमि विवाद चल रहा है। मंगलवार की सुबह उसी विवादित भूमि पर रास्ते को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए और लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने लगे। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर चाकूओं से हमला बोल दिया। हमले में मंशाराम अवस्थी (26) पुत्र नंदलाल अवस्थी व बब्लू अवस्थी (28) पुत्र रूप नारायन अवस्थी गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नवाब मलिक पर अजित पवार ने नहीं माना बीजेपी का प्रेशर!

## महाराष्ट्र में नामांकन के आखिरी दिन बड़ा खेल



**मुंबई.** भारतीय जनता पार्टी के पॉलिटिकल प्रेशर के बावजूद अजित पवार ने मुंबई के कद्दावर नेता नवाब मलिक को मानखुर्द विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है. नामांकन के आखिरी दिन नवाब मलिक को मानखुर्द सीट के लिए एनसीपी का ए और बी फॉर्म सौंपा गया है. यह ए और बी फॉर्म अजित गुट की तरफ से ही नवाब मलिक को मिला है.

मतलब नवाब अब इस सीट से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार होंगे. इसे बड़ा सियासी खेल कहा जा रहा है.

दरअसल, अणुशक्तिनगर से विधायक नवाब मलिक को टिकट नहीं देने का लगातार बीजेपी दबाव बना रही थी. इस दबाव की वजह से अजित ने शुरू में इस सीट से उनका टिकट काट उनकी बेटी सना मलिक को सिंबल दे दिया.

इसी बीच नवाब मलिक ने मानखुर्द से पर्चा भरने की घोषणा कर दी. नवाब के इस स्टैंड के बाद बीजेपी के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेल्लार ने सार्वजनिक तौर पर बयान दिया कि हम किसी दाऊद के समर्थक को उम्मीदवार नहीं बना सकते हैं. शेलार के इस बयान के बाद अजित दिल्ली पहुंच गए थे, जहां पर उम्मीदवार सिलेक्शन पर उनकी बीजेपी हाईकमान से लंबी चर्चा हुई थी.

### जेल जा चुके हैं नवाब मलिक

महाविकास अघाड़ी सरकार में मंत्री रहे नवाब मलिक दाऊद इब्राहिम और उनसे जुड़े लोगों से पैसे लेने के आरोप में जेल जा चुके हैं. उन्हें इसी साल इन आरोपों में जमानत मिली है. जेल से आने के बाद नवाब मलिक ने शरद पवार को छोड़ अजित का दामन थाम लिया. अजित के साथ जाने पर नवाब मलिक की खूब आलोचना हुई थी. मुंबई की सियासत करने वाले नवाब मलिक को मुसलमानों का बड़ा नेता माना जाता है. नवाब मलिक एनसीपी के मुंबई अध्यक्ष भी रह चुके हैं.

### सपा के अबू आजमी से मुकाबला

मानखुर्द शिवाजीनगर से इंडिया गठबंधन ने सपा के अबू आजमी का समर्थन किया है. फायरब्रांड अबू आजमी इस सीट से 2019 में चुनाव जीत चुके हैं. अबू आजमी महाराष्ट्र में अखिलेश यादव की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं.

## बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान को भी मिली जान से मारने की धमकी

- नोएडा से एक गिरफ्तार

**मुंबई.** NCP नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच जारी है। इसी बीच खबर है कि उनके बेटे जीशान को भी जान से मारने की धमकी मिली है। उनके साथ बॉलीवुड स्टार सलमान खान को भी धमकी मिलने की खबर है। एक दिन पहले ही जीशान को एनसीपी ने बांद्रा पूर्व से विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। धमकी के कॉल के मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के नोएडा से युवक को गिरफ्तार किया है।



एनडीटीवी की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जीशान के बांद्रा स्थित दफ्तर में शुक्रवार शाम मैसेज आए थे। इनमें फिरौती नहीं देने पर उन्हें और सलमान को मारने की धमकी दी गई थी। इसके बाद जीशान के दफ्तर के एक कर्मचारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच में मोहम्मद तैय्यब नाम के शख्स की जानकारी मिली और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जीशान के अलावा बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को भी कॉल पर धमकी दी गई है। ये कॉल शुक्रवार को आए थे और पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। खास बात है कि 12 अक्टूबर को ही बाबा सिद्दीकी को भी हमलावरों ने जीशान के दफ्तर के बाहर निशाना बनाया था। घटना में घायल एनसीपी नेता की अस्पताल में मौत हो गई थी।

## शिवसेना के टिकट पर चुनाव लड़ेंगी BJP की शायना एनसी

- शिंदे गुट ने जारी की 13 उम्मीदवारों की लिस्ट

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शिवसेना शिंदे गुट ने अपने 15 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है. इनमें से शिवसेना के 13 और सहयोगी दल के 2 उमीदवार हैं. लिस्ट में मुंबादेवी विधानसभा क्षेत्र से शिंदे सेना गुट से भाजपा की शायना एनसी चुनाव लड़ेंगी. शिंदे सेना को 1 या 2 सीटें और मिल सकती हैं. बीजेपी से बातचीत अभी भी जारी है.



रविवार को एकनाथ शिंदे की शिव सेना ने 20 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था. इस लिस्ट में संजय निरुपम को दिंडोशी और मिलिंद देवड़ा को वर्ली से टिकट दिया गया. गौर करने वाली बात है कि मिलिंद देवड़ा वर्ली विधायक आदित्य ठाकरे के खिलाफ मैदान में होंगे.

अंधेरी पूर्वी सीट पर पूर्व बीजेपी नेता मुरजी पटेल को खड़ा किया गया है. यह सीट पहले से ही चर्चा में थी क्योंकि शिंदे ने पहले यहां से पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट और एंटीलिया मामले में आरोपी प्रदीप शर्मा की पत्नी को मैदान में उतारने की योजना बनाई थी. हालांकि, बीजेपी ने इस पर जोरदार आपत्ति जताई, जिसके बाद योजना बदलनी पड़ी.

## आयुष्मान योजना से 70 प्लस वाले सभी बुजुर्गों का होगा मुफ्त इलाज

- पीएम मोदी ने सौंपे कार्ड

**नई दिल्ली.** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान वय वंदन कार्ड बुजुर्ग लाभार्थियों को सौंपे। इसके साथ ही आयुष्मान योजना के नए चरण की शुरुआत हो गई। अब 70 साल से अधिक आयु वाले देश के सभी बुजुर्गों का आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज हो सकेगा। इसके तहत उन्हें प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल पाएगा। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 12850 करोड़ रुपये की कई स्वास्थ्य परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद में आयोजित किया गया था।




इस स्कीम के तहत 70 साल से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों को हेल्थ कवरेज मिलेगा। यह सुविधा किसी भी आय वर्ग के बुजुर्गों को प्राप्त होगी। इससे देश के करीब 4.5 करोड़ परिवारों के 6 करोड़ से ज्यादा बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। अब तक इस स्कीम में कमजोर आय वर्ग के परिवारों को ही शामिल किया जाता रहा है। लेकिन अब बुजुर्गों को लेकर ऐसी कोई आय लिमिट नहीं होगी। पीएम मोदी ने दिल्ली में हुए आयोजन के दौरान कई बुजुर्गों को कार्ड सौंपे। इस दौरान हेल्थ मिनिस्टर जेपी नड्डा समेत कई अन्य मंत्री और अफसर भी मौजूद थे।

बुजुर्गों को यह सुविधा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY) के तहत मिलेगी। इसे कैबिनेट ने 11 सितंबर, 2024 को मंजूरी दी ती। इसके तहत देश के सभी बुजुर्गों को इस योजना का लाभ मिलेगा, जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक हो। इस योजना के लाभार्थियों को अलग से कार्ड प्रदान किया जाएगा। यह फैमिली आयुष्मान प्लान से अलग होगा।

### केरल के कासरगोड में धमाका, 150 घायल, 8 गंभीर

**कासरगोड.** केरल के कासरगोड के अंजुताम्बलम वीरारकावु मंदिर में सोमवार रात करीब 12:30 बजे आतिशबाजी के दौरान एक ब्लास्ट हुआ। इसमें 150 से ज्यादा लोग घायल हो गए। कासरगोड पुलिस ने बताया कि 8 लोगों की हालत गंभीर है, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंदिर में वार्षिक कलियाट्टम उत्सव के लिए 1500 लोग जुटे थे। यहां आतिशबाजी की जा रही थी, जिससे उठी चिंगारी पटाखों के गोदाम तक पहुंची, जहां आग लगने से ब्लास्ट हो गया। इस गोदाम में हजारों रुपए के पटाखे रखे थे। हादसे को लेकर मंदिर कमेटी के 2 मेंबर्स को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। मंदिर कमेटी ने पटाखे जलाने और आतिशबाजी के लिए लाइसेंस भी नहीं लिया था।

## विधानसभा चुनाव : भाजपा में बड़ी बगावत

- नाराज गोपाल शेट्टी और अतुल शाह ने छोड़ा साथ

**मुंबईः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में पहली बड़ी बगावत हुई है। केंद्रीय मन्त्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र चुनाव के प्रभारी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सह प्रभारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्णय को पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने चुनौती दी है और वे बोरीवली सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं शायना एनसी को मुंबा देवी सीट से टिकट दिए जाने से अतुल शाह ने भी बगावत कर दी है। उन्होंने ऐलान किया है कि आज यानी मंगलवार को वे मुंबा देवी सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे।






उन्होंने नाराजगी जताई है और पार्टी पर उपेक्षा करने के आरोप लगाए हैं।

### गोपाल शेट्टी-अतुल शाह की नाराजगी की वजह

भाजपा की प्रवक्ता शायना एन. सी. को सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने टिकट दिया तो लोगों को हैरानी हुई, इस सीट से भाजपा के अतुल शाह चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन आनन फानन में शायना भाजपा से शिंदे शिवसेना में शामिल हो गईं और शायना को शिंदे गुट ने टिकट दे दिया। दिलचस्प यह रहा कि शिवसेना की 15 कैंडिडेट्स की लिस्ट आने के कुछ घंटे बाद ही भाजपा की प्रवक्ता शायना सोमवार को अचानक शिवसेना में शामिल हो गईं। इसका मतलब यह कि अब वह शिवसेना नेता शायना एनसी कही जाएंगी।

एक तरफ आज गोपाल शेट्टी बोरीवली सीट से निर्दलीय रूप में नामांकन दाखिल करेंगे तो वहीं अतुल शाह मुंबा देवी सीट से। बता दें कि महायुति में मुंबा देवी सीट शिवसेना के खाते में गई है और शिंदे सेना ने शायना एनसी को यहां से उम्मीदवारी दी है। अतुल शाह बीजेपी के प्रवक्ता है, उन्हे वैक्सीनेशन मैन के रुप में जाना जाता है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने गोपाल शेट्टी का टिकट काट दिया था और मुंबई नॉर्थ से उनकी जगह पीयूष गोयल को चुनाव मैदान में उतारा था और वो जीत गए थे।

अब बोरीवली विधानसभा सीट से भी बीजेपी ने संजय उपाध्याय को मैदान में उतारने का फैसला किया है तो इससे गोपाल शेट्टी बेहद नाराज हो गए हैं और उन्होंने बगावत कर दी है।

## 'शरियत काउंसिल कोई अदालत नहीं'

**मद्रास हाईकोर्ट बोला- यह सिर्फ प्राइवेट संस्था, इसे ट्रिपल तलाक केस में डिवोर्स सर्टिफिकेट देने का हक नहीं**

**चेन्नई.** मद्रास हाईकोर्ट ने सोमवार को ट्रिपल तलाक मामले से जुड़ी सिविल रिवीजन पिटीशन खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने कहा- शरियत काउंसिल कोई अदालत नहीं है। यह एक प्राइवेट संस्था है।

जस्टिस जीआर स्वामीनाथन ने कहा- यह काउंसिल पारिवारिक और आर्थिक दिक्कतों को दूर करने में मदद कर सकती है, लेकिन तलाक सर्टिफिकेट जारी करने और पेनाल्टी लगाने का हक काउंसिल को नहीं है।




मामला मुस्लिम कपल के तलाक से जुड़ा है। इन्होंने 2010 में शादी की थी, कुछ सालों बाद पति ने पत्नी को ट्रिपल तलाक दे दिया था। 2017 में तमिलनाडु की तौहीद जमात (शरियत काउंसिल) ने इस कपल को तलाक का सर्टिफिकेट जारी कर दिया था।

जस्टिस स्वामीनाथन ने तलाक सर्टिफिकेट की आलोचना करते हुए कहा कि यह एक चौंकाने वाला दस्तावेज है। काउंसिल ने पति की तीन तलाक की याचिका स्वीकार कर ली थी।

काउंसिल ने मध्यस्थता की कोशिश करने के साथ-साथ पत्नी पर सहयोग न करने का आरोप लगाया था। जब तक अधिकार क्षेत्र वाले किसी कोर्ट से तलाक को मान्य नहीं कहा जाता, तब तक यह शादी कानूनन सही मानी जाएगी।

### राजस्थान में बस हादसा, 11 की मौत : 30 से ज्यादा घायल

**सीकर.** राजस्थान में सीकर जिल के लक्ष्मणगढ़ में निजी बस पुलिया से टकरा गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए लक्ष्मणगढ़ और सीकर के अस्पताल ले जाया गया। हादसा लक्ष्मणगढ़ में पुलिया के नजदीक मंगलवार दोपहर 2 बजे के करीब हुआ। बस सालासर से नवलगढ़ जा रही थी। हादसा सालासर से 68 किमी दूर हुआ। तेज रफ्तार होने के कारण बस घूम नहीं सकी

बस को लक्ष्मणगढ़ पुलिया से बायीं तरह से जयपुर-बीकानेर रोड की ओर जाना था। तेज रफ्तार में होने के कारण बस पूरी तरह घूम नहीं सकी और सीधे पुलिया से टकरा गई। बस का आगे का 3 से 4 फीट का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

## अखनूर में 27 घंटे बाद एनकाउंटर खत्म

- आर्मी एंबुलेंस पर हमला करने वाले 3 आतंकी ढेर
- K-9 स्क्वॉड का डॉग फैंटम शहीद

**अखनूर.** जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को शुरू हुआ एनकाउंटर 27 घंटे बाद मंगलवार को करीब 10 बजे खत्म हो गया। (LoC) के पास भट्टल इलाके के जंगल में सुरक्षा बलों ने 3 आतंकवादियों को ढेर कर दिया। कल एक आतंकवादी की बॉडी मिली थी आज 2 और टेररिस्ट की बॉडी रिकवर की गई है।




सोमवार सुबह करीब 7:26 बजे इन आतंकियों ने सेना की एंबुलेंस पर हमला किया था। इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। हमले के बाद आतंकी जंगल की ओर भाग गए थे, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया था और करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद 3 आतंकियों को ढेर किया था।

एनकाउंटर में सेना के K-9 स्क्वॉड के डॉग फैंटम को भी गोली लगी। फैंटम डॉग भी शहीद हो गया। जम्मू के डिफेंस PRO ने कहा कि हम अपने डॉग फैंटम के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। हमारे सैनिक जब फंसे हुए आतंकवादियों के करीब पहुंच रहे थे, तब फैंटम ने दुश्मन की गोलीबारी को झेला, जिससे वह घायल हो गया था। बाद में फैंटम ने दम तोड़ दिया। उसका साहस, वफादारी और समर्पण को कभी नहीं भुलाया जाएगा।

## हर्षित राणा आखिर टेस्ट के लिए टीम इंडिया में शामिल

इंडिया वर्सेस न्यूजीलैंड टेस्ट सीरीज का तीसरा और आखिरी मैच 1 नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है। आखिरी टेस्ट से पहले तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टीम इंडिया में शामिल किया गया है। भारत मौजूदा सीरीज में 0-2 से पीछे है। दिल्ली में जन्मे हर्षित न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट के लिए रिजर्व प्लेयर्स में थे लेकिन उन्हें रणजी मैच खेलने के लिए रिलीज कर दिया गया। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में असम के विरुद्ध 7 विकेट लेने के अलावा 59 रन की पारी खेली। दिल्ली ने असम को 10 विकेट से धूल चटाई।




### क्या मुंबई में पूरा होगा ये ख्वाब?

हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं कि हर्षित को इंजरी कवर के रूप में शामिल किया गया है या उन्हें सीधे प्लेइंग इलेवन में एंट्री मिलेगी। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय स्क्वॉड में चुना जा चुका है। सभी की नजरें अब इसपर होंगी कि 22 वर्षीय गेंदबाज का इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने का ख्वाब मुंबई में पूरा होगा या ऑस्ट्रेलिया में। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुरू होगी, जिसमें पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

### 'हर्षित मुंबई टेस्ट खेलता है तो...'

पूर्व नेशनल सिलेक्टर और दिल्ली के मौजूदा कोच सरनदीप सिंह ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, ₹हर्षित टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए तैयार है। अगर वह ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले मुंबई टेस्ट खेलता है तो यह उसके लिए अच्छा होगा।₹ हर्षित ने लाल गेंद के क्रिकेट से एक साल तक दूर रहने के बाद पिछले महीने दलीप ट्रॉफी में जोरदार वापसी करते हुए दो मैचों में 8 विकेट झटके।

### ये चाहता था टीम मैनेजमेंट

हर्षित को बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में भी चुना गया था लेकिन उन्हें इंटरनेशनल डेब्यू का मौका नहीं मिला। हर्षित ने असम के खिलाफ धमाल मचाने के बाद कहा, ₹टीम मैनेजमेंट चाहता था कि मैं ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले घरेलू मैच खेलूं और मुझे खुशी है कि मैंने इस मैच में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया।₹

### केरल CM के काफिले की 5 गाड़ियां आपस में टकराईं




केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन का सोमवार शाम को एक्सीडेंट हो गया। विजयन कोट्टायम से तिरुवनंतपुरम लौट रहे थे। शाम करीब 5.45 बजे वमनपुरम पार्क जंक्शन पर CM के काफिले के आगे चल रही कार के सामने अचनाक एक स्कूटी सवार महिला आ गई। महिला के अचानक स्कूटी मोड़ने के कारण पीछे चल रही कारों ने ब्रेक लगाए, जिसके बाद CM के काफिले की सभी गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे के बाद काफिले से CM की सुरक्षा के लिए तैनात अपनी-अपनी कार से उतरे। उन्होंने तुरंत स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, एक्सीडेंट से किसी को भी चोटें नहीं आईं। पास में लगे CCTV कैमरे में पूरी घटना कैद हुई।

## विमानों में बम की धमकी, एक और आरोपी की पहचान




- महाराष्ट्र का रहने वाला, आतंकवाद पर किताब लिख चुका
- पहले 2 युवक पकड़े गए थे

**नई दिल्ली.** विमानों में बम की धमकी देने के मामले में एक और आरोपी की पहचान मंगलवार को हुई है। नागपुर पुलिस के मुताबिक, यह महाराष्ट्र के गोंदिया का जगदीश उइके (35) है। यह आतंकवाद पर किताब भी लिख चुका है।

DCP श्वेता खेडकर ने बताया पुलिस टीम ने फर्जी ईमेलों की खोजबीन करके आरोपी को ट्रेस किया है। आरोपी अभी फरार है, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस की स्पेशल टीमें बनाई गई हैं। यह 2021 में एक केस में अरेस्ट भी हो चुका है।

दो हफ्ते में 400 से ज्यादा फ्लाइट्स को धमकी दी जा चुकी है। फ्लाइट्स में फेक थ्रेट देने के मामले में दो युवक पहले भी पकड़े जा चुके हैं। दिल्ली पुलिस ने 26 अक्टूबर को 25 साल के शुभम उपाध्याय पकड़ा था। उसने 25 अक्टूबर को IGI एयरपोर्ट पर फ्लाइट में बम की झूठी धमकी वाली दो पोस्ट की थीं। उसने फेमस होने के लिए ऐसा किया था।

इससे पहले मुंबई पुलिस ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से 17 साल के नाबालिग को हिरासत में लिया था। उसने पैसों के लेनदेन के विवाद में दोस्त को फंसाने के लिए उसके नाम से X अकाउंट बनाकर 14 अक्टूबर को 4 फ्लाइट में बम होने की झूठी पोस्ट की थी।

### आम सूचना

मैं अथहरकमल अफझल खान सभी को सूचित कर रहा हूं कि दुकान, ईएमटी कंपनी के पास शहाड रोड, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 09एआय015000600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी अफझल जलीस अहमद खान के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 29.10.2024 सी.नं. 5054/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**अथहरकमल अफझल खान**

### आम सूचना

मैं अझहर जमाल अफझल खान सभी को सूचित कर रहा हूं कि दुकान, ईएमटी कंपनी के पास शहाड रोड, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 09एआय015000600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी अफझल जलीस अहमद खान के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 29.10.2024 सी.नं. 5052/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**अझहर जमाल अफझल खान**

## संक्षेप...

### महिला से 12 लाख की ऑनलाइन ठगी

**नवी मुंबई.** पुलिस ने नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर की 33 वर्षीय महिला से 12 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में चार साइबर जालसाजों के खिलाफ जांच शुरू की है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना 23 से 25 अक्टूबर के बीच घटित हुई। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता से कई बार संपर्क किया और खुद को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का प्रतिनिधि होने का झूठा दावा किया। उन्होंने कहा कि महिला पर धन शोधन, मानव तस्करी, अवैध विज्ञापन और सार्वजनिक उत्पीड़न जैसे कई आरोप हैं।

# एकनाथ शिंदे को झटका

## चुनाव जीतने पर भी नहीं बनेंगे CM | भाजपा ने दिया नया फॉर्मूला

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सहयोगी दलों को उनकी मर्जी के अनुसार सीटें देने के साथ भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि अगली बार सत्ता में आने पर मुख्यमंत्री सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले दल का ही होगा। यह भी स्पष्ट है कि भाजपा की तरफ से देवेंद्र फडणवीस इसके दावेदार होंगे। भाजपा और महायुति गठबंधन के अन्य दलों ने चुनाव में मुख्यमंत्री के चेहरे की घोषणा नहीं की है, लेकिन चुनाव गठबंधन में शिवसेना नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ ही लड़ा जा रहा है।

दो दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता उपमुख्यमंत्री अजित पवार और भाजपा नेता फडणवीस के साथ लंबी चर्चा की थी। इस बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। राज्य में भाजपा ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसके ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद है, ऐसे में भाजपा ने संकेतों के जरिये साफ कर दिया है कि गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री उसी का होगा। क्योंकि भाजपा



फडणवीस के नेतृत्व में चुनावी मैदान में है, इसलिए पहले भी मुख्यमंत्री रह चुके फडणवीस गठबंधन की जीत के बाद फिर मुख्यमंत्री हो सकते हैं।

चुनाव के बाद अंतिम फैसला सूत्रों के अनुसार फॉर्मूले की ही वजह से भाजपा के दोनों सहयोगी दलों ने ज्यादा सीटों की मांग की है। अगर भाजपा का प्रदर्शन खराब रहता है और कम सीटें जीतती है तो सहयोगी दलों के तरफ से भी मुख्यमंत्री पद की दावेदारी की जा सकती है। हालांकि, इसमें एक बात जरूर छोड़ी गई है कि चुनाव बाद की राजनीतिक स्थितियों को ध्यान में रखकर गठबंधन फैसला करेगा, जो सबको स्वीकार होगा।

# शिवसेना शिंदे से संतोष शेट्टी ने भरा पर्चा

- रैली में हजारों शिवसैनिक
- महायुति समर्थकों की रही मौजूदगी

**भिवंडी.** भिवंडी पूर्व विधान सभा क्षेत्र से शिवसेना शिंदे गट प्रत्याशी संतोष शेट्टी ने हजारों की संख्या में मौजूद महायुति कार्यकर्ताओं की फौज एवं गाजेबाजे के साथ चुनाव अधिकारी अमित सानप के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया. वराल देवी तालाब आयुक्त निवास के पास चौक से एसटी स्टैंड स्थित निर्वाचन अधिकारी कार्यालय तक निकली विशाल रैली में हजारों महायुति कार्यकर्ता शेट्टी की जयकार कर रहे थे.



### संतोष शेट्टी को मिला भारी समर्थन

रैली में संतोष शेट्टी महायुति नेताओं के साथ प्रचार रथ पर सवार होकर मतदाताओं से समर्थन मांगते हुए चुनाव कार्यालय पहुंचे. संतोष शेट्टी को समर्थन एवं आशीर्वाद देने के लिए हाथ उठाते हुए हजारों पुरुष, महिलाएं सड़क के किनारे खड़े थे. रैली में शिवसेना शहर प्रमुख सुभाष माने, पूर्व उप महापौर मनोज काटेकर, आरपीआई शहर अध्यक्ष महेंद्र गायकवाड, पूर्व पार्षद मदन बुआ नाईक, शशिलता शेट्टी, बालाराम चौधरी, पूर्व पार्षद सुमित पाटील, निष्काम भैरी, राजेश शेट्टी,कोंका मलेशम, पीड़ी यादव, एस पी सिंह, शेखर सर, अनिल सिंह सहित हजारों की संख्या में सर्व धर्म हिन्दू, मुस्लिम,पद्मशाली समाज,उत्तर भारतीय समाज,परप्रांतीय समाज आदि समुदाय के लोग शामिल थे.

# भिवंडी पूर्व से सपा प्रत्याशी रईस शेख ने नामांकन किया दाखिल



- रैली में हजारों लोग शामिल

**भिवंडी.** भिवंडी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी रईस शेख ने भारी संख्या में महाविकास आघाड़ी नेताओं, समर्थकों के साथ चुनाव निर्वाचन अधिकारी अमित सानप के समक्ष नामांकन दाखिल किया.उक्त अवसर पर सपा प्रदेश मुखिया अबू आसिम आजमी, फैजाबाद लोकसभा सांसद अवधेश प्रसाद, वरिष्ठ सपा नेता अजय यादव,सेना ठाकरे गट शहर प्रमुख प्रसाद पाटिल, शरद पवार गट रांका शहर अध्यक्ष शोएब खान गुड्डू सहित भारी तादाद में लोग उपस्थित थे.

# भाजपा प्रत्याशी महेश चौगुले ने भरा नामांकन

- रैली में हजारों लोगों की मौजूदगी

**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम विधानसभा सीट से 10 वर्षों तक विधायक रहे भाजपा प्रत्याशी विधायक महेश चौगुले ने चुनाव अधिकारी उदय किसवे के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया. शिवाजी चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा को माल्यार्पण, नमन कर विधानसभा चुनाव अधिकारी कार्यालय मंगल कार्यालय कामतघर तक बैंडबाजे के साथ निकली रैली में सभी धर्म, समुदाय के हजारों लोग उपस्थित थे.



### शहर में 'महेश सेठ आगे बढ़ो' के गूंजे गगनभेदी नारे

चुनावी रैली में उत्साहित भाजपा कार्यकर्ता, महायुति समर्थकों की फौज 'महेश सेठ आगे बढ़ो' 'हम तुम्हारे साथ हैं' के गगनभेदी नारे लगा रहे थे. रैली में पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल, भाजपा जिलाध्यक्ष एड. हर्षल पाटिल, चुनाव प्रमुख श्याम अग्रवाल, पूर्व सभागृह नेता सुमित पाटील, वरिष्ठ पूर्व पार्षद नीलेश चौधरी, भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी,शिवसेना पूर्व उप महापौर मनोज काटेकर, भाजपा शहर महासचिव राजू गाजेंगी, श्याम पाटिल, भरत जंगलानी, रवि सावंत, एड वैभव भोईर,एड व्यंकटेश चिटकेन, प्रवीण मिश्रा, एड प्रेषित जयवंत, अविनाश सिकची, राजू चौगुले,कल्पना शर्मा सहित भारी संख्या में भाजपा महायुति कार्यकर्ता, समर्थक शामिल थे.

# भिवंडी पश्चिम से कांग्रेस प्रत्याशी दयानंद चोरघे ने भरा नामांकन



**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी दयानंद चोरघे ने कांग्रेस कार्यालय जकात नाका से महा विकास आघाड़ी नेताओं, समर्थकों के साथ रैली निकाल कर चुनाव निर्वाचन अधिकारी उदय किसवे के समक्ष नामांकन दाखिल किया.उक्त मौके पर पूर्व सांसद सुरेश टावरे, प्रदेश महासचिव मु.तारिक फारूकी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुरुनाथ टावरे, प्रदीप राका, डा.नूरुद्दीन अंसारी, रानी अग्रवाल, मु.अनस अंसारी, के.एम. सोहेल खान,जावेद फारूकी सहित भारी संख्या में कांग्रेस समर्थक मौजूद थे.

# जिला परिषद में मतदान जनजागृति का आयोजन

**ठाणे.** विधानसभा चुनाव को लेकर 147 आगामी विधानसभा कोपरी पाचपाखाडी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव निर्णय अधिकारी सर्जेराव म्हस्के- पाटील के मार्गदर्शन में जिला परिषद में मतदान जनजागृती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में अधिकारी व कर्मचारियों का अच्छा प्रतिसाद मिला।चुनाव अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वीप सहायक ने जनजागृती किया साथ ही 20 नवंबर को मतदान करने



के लिए कर्मचारियों ने विश्वास दिया।इस समय जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविनाश फडतरे व उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रामपंचायत) प्रमोद काले ने लोकतंत्र में हर नागरिक को मतदान करने के लिए अधिकार है यह आवाहन किया और उपस्थित सभी लोगों ने मतदान करने के लिए शपथ ग्रहण किया।इस अवसर पर स्वीप सदस्य राजेंद्र परदेशी,अनंत सोनावले,सिताराम परब,अविनाश सावंत सहित जिला परिषद के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# बीजेपी के 148, शिंदे के 80 और अजित पवार के 52 उम्मीदवार

**मुंबई.** महाराष्ट्र में चुनाव के मद्देनजर सियासी पारा हाई है. चुनाव में अब कुछ ही समय बचा है. ऐसे में नामांकन के आखिरी मंगलवार को महायुति में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला फाइनल होने के साथ ही सभी दलों को नेताओं ने नामांकन कर दिया है. बीजेपी के 148, शिवसेना (शिंदे) के 80, अजित पवार की शिवसेना के 52 और गठबंधन में शामिल अन्य दलों के 6 नेताओं ने नामांकन किया. कुल 287 सीटों पर घोषणा हो गई. इनमें से शिवड़ी विधानसभा सीट शिंदे शिवसेना ने एमएनएस को समर्थन दिया है. वहीं मालेगांव सीट अजित पवार की पार्टी के हिस्से आई थी, जिस पर उम्मीदवार की घोषणा नहीं हुई है.

महाराष्ट्र विधानसभा की वर्तमान तस्वीर की बात करें तो बीजेपी के 103, शिवसेना (शिंदे) के 40 और एनसीपी (अजित पवार) के 40 और बहुजन विकास अघाड़ी के तीन विधायक हैं. वहीं, महा विकास अघाड़ी की बात करें तो कांग्रेस के 43, शिवसेना (यूबीटी) के 15 और एनसीपी (शरद पवार) के 13 विधायक हैं. महाराष्ट्र विधानसभा में समाजवादी पार्टी के दो, एआईएमआईएम के दो, पीजेपी के दो, एमएनएस, सीपीएम, शेकाप, स्वाभिमानी पार्टी, राष्ट्रीय समाज पार्टी, महाराष्ट्र जनसुराज्य शक्ति पार्टी, क्रांतिकारी शेतकारी पार्टी के एक-एक विधायक हैं.

### मैदान में मुख्य रूप से दो गठबंधन आमने-सामने

महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, शरद पवार की एनसीपी ने मिलकर महा विकास अघाड़ी का गठन किया था. इस बार के महाराष्ट्र चुनाव में मुकाबला पार्टियों के बजाय दो गठबंधनों के बीच देखने को मिलेगा. सत्तारूढ़ महायुति और महा विकास अघाडी आमने-सामने होंगे. दरअसल, महायुति में भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं. इस बार के विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन (MVA) महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी, जिसमें उसे महायुति पर बढ़त हासिल हुई थी.

### डॉ बाबासाहेब आंबेडकर व केलकर परिवार का बहुत पुराना संबंध है: रामदास आठवले

**ठाणे.** विधायक संजय केलकर सर्वसामान्य जनता से बातचीत करने वाले विधायक है और डॉ बाबासाहेब आंबेडकर व केलकर के परिवार से बहुत पुराना संबंध है यह बात आज कार्यक्रम में सम्मिलित हुए केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा।

केंद्रीय राज्यमंत्री आठवले ने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि केलकर को भारी मतों से चुनकर लाने के लिए मार्गदर्शन किया।साथ ही केंद्रीय राज्यमंत्री आठवले ने कहा कि देश के लिये डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने इस तरह से जोड़ा है कि राहुल गांधी कितना भी बुराई करे लेकिन इस संविधान को कोई भी बदल नही सकता है।

# ठाणे मध्यवर्ती कारागृह में दीपावली मेला का आयोजन

- कारागृह कैदियों के हाथ से बनी वस्तुओं का प्रदर्शन व विक्री उद्घाटन

**ठाणे.** अतिरिक्त पुलिस महासंचालक व महानिरीक्षक कारागृह सुधारसेवा महाराष्ट्र राज्य पुणे प्रशांत बुरडे व विशेष पुलिस महानिरीक्षक (कारागृह) महाराष्ट्र राज्य पुणे डॉ.जालिंदर सुपेकर के संकल्पाना के तहत कारागृह के उपमहानिरीक्षक दक्षिण विभाग मुंबई योगेश देसाई के मार्गदर्शन ने दीपावली मेला का आयोजन ठाणे मध्यवर्ती कारागृह में शुभारंभ किया गया।कारागृह में



सजा भुगत रहे कैदियों के हाथों से विविध प्रकार के वस्तुओं के विक्री केंद्र का उद्घाटन जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के हाथों से किया गया।इस अवसर पर ठाणे मध्यवर्ती कारागृह अधीक्षक राणी भोसले व कारागृह के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।कारागृह में सजा भुगत रहे कैदियों के भविष्य को लेकर कारागृह के व्यावसायिक विभाग की ओर से व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है।कैदी अपनी सजा भुगतने के बाद बाहर निकलने पर उनके जीविका पर असर नहीं पड़े इसलिए यह प्रशिक्षण दिया जाता है।सत्संग फाउंडेशन व वात्सल्य ट्रस्ट की ओर से महिला कैदी को आकर्षण पनिता,तोरण,हस्तकला व पुरूष कैदी को कंदील बड़ी बनाने की कला को सिखाया जाता है।हर साल कैदियों के हाथों से तैयार वस्तुओं को विक्री के लिए दीपावली पर्व पर मेला का आयोजन किया जाता है।कैदियों के हाथों से बनी वस्तु में आकाश कंदील,मिट्टी का आकर्षक कलर से सजा पणत्य, सागवन के लकड़ी से बनी गृह उपयोगी वस्तु में कुर्सी, चौरंग, देवघर, पाट, गाड़ी, बैलगाडी, रिव्हॉल्विंग चेअर, हट टाईप की स्टँड, मोबाईल स्टँड, जॅकेट, सुती टॉवेल, सुती रूमाल, बेकरी उत्पादन में ओटस बिस्कीट, इत्यादी आकर्षक वस्तू को खरीदने के लिए पहले ही दिन बड़ी संख्या में ग्राहकों की भीड़ दिखाई दिया।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# अमीषा ने सुनाया 'कहो ना प्यार है' का किस्सा

अमीषा पटेल ने फिल्म कहो ना प्यार है से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। उन्हें फिल्म की शूटिंग शुरू होने से सिर्फ तीन दिन पहले ही कास्ट किया गया था। एक्ट्रेस के मुताबिक ये फिल्म उनके भाग्य में लिखी थी। इससे पहले उन्होंने अग्नि प्रेम और हिमालय पुत्र जैसी फिल्मों के ऑफर को ठुकरा दिया था। इतना ही नहीं इस फिल्म के लिए उन्होंने मॉर्गन स्टेनली की नौकरी तक के लिए मना कर दिया था।

BeautybyBiE के साथ बातचीत के दौरान अमीषा पटेल ने बताया उनकी और राकेश रोशन की मुलाकात कैसे हुई थी। उन्हें अपनी पहली फिल्म का ऑफर कैसे मिला था। अमीषा ने कहा, 'मैं अपने परिवार के साथ एक शादी में शामिल होने गई थी। जहां मेरी मुलाकात राकेश रोशन से हुई थी।'

जब अमीषा पटेल से पूछा गया कि उन्हें फिल्म कहो ना प्यार है कैसे मिली। इस पर अमीषा ने कहा, 'राकेश रोशन ने मुझे खाने के लिए घर पर बुलाया। मुझे बिल्कुल नहीं पता था कि वह मुझे कहो ना प्यार है फिल्म ऑफर करेंगे। हम लोगों के बीच काफी बातें हुई। उन्होंने मुझे मेरी जॉब और फ्यूचर प्लान के बारे में पूछा तो मैंने उन्हें अपना सीवी दिखाया और मॉर्गन स्टेनली से मिली नौकरी के बारे में बताया,




जिससे वह काफी इंप्रेस हुए।

अमीषा की मानें तो जब राकेश रोशन के घर वॉशरूम गईं, तो उस दौरान राकेश और ऋतिक ने उनके बारे में बात की। राकेश ने कहा कि उन्हें अपनी फिल्म के लिए एक्ट्रेस मिल गई और वह बहुत खुश थे। जब अमीषा वॉशरूम से लौटीं, तो निर्देशक राकेश ने उन्हें अपनी फिल्म कहो ना प्यार है का ऑफर दे दिया। पहले तो एक्ट्रेस को कुछ समझ नहीं आया। लेकिन फिर थोड़ी ही देर के बाद अमीषा ने फिल्म में काम करने के लिए हामी भर दी। सोचा अगर ये फिल्म हिट नहीं हुई तो वह फिर से वापस अपने काम पर लौट जाएंगी।

### एन्टी नारकोटिक्स ने 20 नाइजीरियन से बरामद की 27 लाख की ड्रग्स

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने खारघर में रहे 20 नाइजीरियाई लोगों से लगभग 27 लाख कीमत की ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में नाइजीरियन लोगों के साथ साथ जगह के मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी मिली थी कि खारघर में लेमन किचन तथा जेमिनी किचन में 20 नाइजीरियन मूल के लोग पार्टी कर रहें हैं पुलिस के अनुसार यह दोनों किचन नाइजीरियन मूल के लोगों द्वारा ही चलाए जा रहे थे। नाइजीरियन मूल के लोगों ने इस जगह को किराए पर लिया था। जानकारी मिलने के बाद इन दोनों जगहों पर जब छापा मारा गया तो नाइजीरियन शराब के साथ साथ ड्रग्स की भी पार्टी कर रहे थे जिसमें नाइजीरियन महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल थे पुलिस ने इन लोगों के पास से 107 ग्राम मेफ़ेड्रीन बरामद की जिसकी कीमत 27 लाख के आसपास बताई गयी है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 27 हजार रुपए नकद भी बरामद किए हैं। पुलिस ने किचन के लिए जगह उपलब्ध कराने वाले जगह मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने अपील करते हुए कहा है किसी भी विदेशी खासकर नाइजीरियाई मूल के लोगों को जगह किराए पर देने से पहले उनके बारे में अच्छी तरह से जांच पड़ताल करें उसके बाद ही उन्हें घर या दूकान किराए पर दें.




उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099